भजन बिना कैसे गवा दई ज़िंदगानी लिरिक्स

भजन बिना कैसे,
गवा दई ज़िंदगानी,
हेत किया ना हरि से तूने,
करता रहा मनमानी,
भजन बिना कैसें,
गवा दई ज़िंदगानी।bd।

गर्भवास में जब तू आया,
प्रभु से क्या क्या अर्ज़ सुनाया,
हाथ जोड़कर कसमे खाई,
अब न करब शैतानी,
भजन बिना कैसें,
गवा दई ज़िंदगानी।bd।

सुनी प्रभु ने तोरी अरजिया,
भूल गया मालिक की खबरिया,
पाप की सर पर लादे गठरी,
फिरता रहा अभिमानी,
भजन बिना कैसें,
गवा दई ज़िंदगानी।bd।

परहित कर कुछ पूण्य कमाले,
मानुष तन का लाभ उठाले,
रिखीराम प्रभु के गुण गाले,
बीती जाए जवानी,
भजन बिना कैसें,
गवा दई ज़िंदगानी।bd।

भजन बिना कैसे,
गवा दई ज़िंदगानी,
हेत किया ना हरि से तूने,
करता रहा मनमानी,
भजन बिना कैसें,
गवा दई ज़िंदगानी।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com